# हर महीने लगभग 100 से अधिक लोग डॉग बाइट के शिकार

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 19 जुलाई. बैतूल जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य क्षेत्र में आवारा कुत्ते एक बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। शायद ही ऐसा कोई मोहल्ला या फिर गली होगी, जहां कुत्तों का झुंड न हो।**

**नपा नहीं कर रही आवारा कुत्तों को पकड़ने कार्रवाही**

**रात में घर से निकलते वक्त लगता है डर**

रात के समय कुत्ते ज्यादा हमलावर हो जाते हैं और झुंड बनाकर लोगों पर हमले करते हैं। कुछ क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का इतना आतंक है कि लोग रात के समय गली मोहल्लों में बाहर निकलने में डर रहे हैं, लेकिन नगरपालिका द्वारा शहर में आवारा कुत्तों को पकडऩे की मुहिम पिछले लंबे अर्से से नहीं चलाई जा रही है। कुत्तों की समस्या पर काबू पाने के लिए नगरपालिका के पास न कोई योजना है, न रोकने के लिए कोई अभियान चला जा रहा है। रात के समय शहर के अधिकांश चौराहों, कॉलोनियों के चौराहों व गलियों में कुत्ते समूह बनाकर बैठे रहते हैं। इस दौरान सडक पर बाइक, साइकिल या पैदल निकलने वाले लोगों पर ये दौडकर कभी भी हमला कर देते हैं। ऐसे में लोगों में डर बना रहता है। जिन क्षेत्रों में कुत्तों की संख्या ज्यादा है। वहां के रहवासी, रात में बच्चों को भी अकेला नहीं खेलने देते। उल्लेखनीय है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के अपर सचिव ने वर्ष 2017 में नगरपालिका और पशुपालन विभाग के लिए एक आदेश जारी कर सडकों पर आवारा घूम रहे कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण करने के निर्देश दिए थे।



लेकिन यह निर्देश सिर्फ कागजी ही साबित हुए। नगरपालिका व पशुपालन विभाग ने इस मामले में रत्तीभर भी कदम नहीं उठाया। जिसकी वजह से शहर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है। छोटे बच्चों के लिए आवारा कुत्ते ज्यादा बड़ा खतरा हैं। कुत्तों के लिए छोटे बच्चे आसान शिकार होते हैं। पिछले दिनों कई क्षेत्रों से आवारा कुत्तों द्वारा छोटे बच्चों को काट लेने की खबरें आई, इसके बाद भी नगर पालिका ने अब तक आवारा कुत्तों को पकडऩे के लिए दल गठित नहीं किया है।

## आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं

दो साल पहले नगरपालिका ने इनकी संख्या में कमी लाने 10 लाख रुपए बधियाकरण में खर्च किए थे, लेकिन पशु प्रेमियों की आपत्ति के चलते बीच में ही काम रोक दिया गया। अब डॉग बाइट के बढ़ते मामलों को देखते हुए नगरपालिका ने फिर से टेंडर किए हैं, लेकिन चार बार टेंडर करने के बाद भी कोई संस्था सामने नहीं आ रही है। डॉग बाइट के ज्यादातर मामले बच्चों के साथ हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक शहर में कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आवारा कुत्तों की संख्या एक हजार से अधिक होने का अनुमान है। पिछले कुछ समय में कुत्तों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है, जिसकी मुख्य वजह नपा द्वारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं किया जाना बताया जा रहा है। नगरपालिका के पास शहर में आवारा कुत्तों का कोई आंकड़ा नहीं है। लोगों की माने तो हरेक वार्ड में 25 से 35 औसत कुते हो सकते हैं।

## प्रतिमाह 100 के आसपास डॉग बाइट के मामले

साल के 12 माह में प्रतिमाह मरीजों की संख्या 100 से ऊपर ही रहती है। जिला अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों को भी अस्पताल कैंपस में कुत्तों द्वारा काटने के मामले सामने आ चुके हैं। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे का कहना है कि कुत्ते के काटने पर एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाना पड़ता है। जिला अस्पताल में यह टीका नि:शुल्क लगाया जाता है। इधर कुछ पशुपालक भी कुत्तों को जरूर पालते है, लेकिन उन्हें समय पर टीका नहीं लगाते है या लापरवाही करते है। इस तरह की लापरवाही न सिर्फ अन्य लोगों के लिए घातक साबित होती है, बल्कि पालतू पशुओं, कुत्तों के लिए भी घातक है। जानकार बताते है कि यदि कुत्तों को समय-समय पर वैक्सीन लगाया जाये और इसके बाद कुत्ते किसी को काटते भी है तो रैबिज का खतरा कम रहता है।

जिला अस्पताल में रैबिज के टीके उपलब्ध हैं। मेरी एक अपील है कि पशु चिकित्सा विभाग स्ट्रीट डाग को एआरवी (एंटी रैबिज वैक्सीन) टीके लगाए ताकि कुत्ता काट भी ले तो लोगों को ज्यादा नुकसान न पहुंचे।

**- डॉ जगदीश घोरे, सिविल सर्जन जिला अस्पताल बैतूल**

स्ट्रीट डॉग के बधियाकरण के लिए चार बार टेंडर कॉल किए हैं, लेकिन कोई भी संस्था आगे नहीं आ रही है। पूर्व में हमने डॉगों का बधियाकरण कराया था, लेकिन पशु प्रेमियों ने कुत्तों के पकड़े जाने को लेकर आपत्ति ली थी, जिसके कारण बीच में काम बंद करा दिया गया था।

**- संतोष धनेलिया, स्वच्छता निरीक्षक नगरपालिका बैतूल**

## आरडी स्कूल के बच्चों ने हनुमान डोल में उकेरे चित्र

**बैतूल।** भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण करना है तो बच्चों को प्रकृति के करीब लाना होगा। इसी उद्देश्य को लेकर आरडी पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने हनुमान डोल और आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जंगल की खूबसूरती को कैनवास पर उतरना सीखा। युवा चित्रकार व कला गुरु व युवा चित्रकार श्रेणिक जैन के मार्गदर्शन व शिक्षिका उमा सोनी और प्राची खंडेलवाल के सहयोग से बच्चों ने जंगल में जाकर जंगल की खूबसूरती को कैनवास पर उतारने का प्रयास किया नन्हे मुन्ने बच्चे अपने रंग के साथ बड़ी ही खूबसूरती से पेंटिंग बनाते नजर आए। इस मौके पर श्रेणिक जैन ने बताया कि प्रकृति को करीब से महसूस कर बच्चे इससे आकर्षित होते हैं और रचनात्मकता के साथ भविष्य में पर्यावरण को लेकर एक जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। बच्चों द्वारा मनमोहक चित्र उकेरे गये।

### एक नजर में

## नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत दिलाई शपथ

**सारनी।** नशा मुक्ति अभियान के तहत सारनी थाना प्रभारी जयपाल इनवाती द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। उन्होंने विद्यालय और कॉलेज परिसर के आसपास स्थित पान ठेले, गुमटियों और दुकानों के संचालकों को अभियान में शामिल कर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी दुकानदारों को समझाइश दी कि वे स्कूल-कॉलेज के आसपास किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ जैसे गुटखा, तंबाकू पाउच आदि न बेचें। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को नशे की ओर जाने से रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसमें जनसहयोग आवश्यक है। इस अभियान के तहत स्थानीय नागरिकों व विद्यार्थियों ने भी थाना प्रभारी की इस पहल की सराहना की और नशामुक्त समाज निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया।

## संयुक्त तहसील भवन का लोकार्पण आज 20 को

**बैतूल।** 6 करोड़ 40 लाख की लागत से नवनिर्मित संयुक्त तहसील भवन का लोकार्पण 20 जुलाई को लिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके की अध्यक्षता और प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल के विशिष्ट आतिथ्य में लोकार्पण कार्यक्रम शुभारंभ प्रात: 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा मोहन नागर, नगर पालिका अध्यक्ष बैतूल श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, जिला योजना समिति के सदस्य सुधाकर पवार की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

## जिले में अभी तक 356 .9 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083 .9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 356 .9 मि.मी .औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 294 .4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 19 जुलाई 2025 को प्रात- 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 19 जुलाई 2025 को प्रात- 8 बजे तक तहसील बैतूल में 0.0, घोड़ाडोंगरी में 0 .0, चिचोली में 0 .0, शाहपुर में 0 .0, मुलताई में 5 .2, प्रभात पट्टन में 2 .0, आमला में 0 .0, भैंसदेही में 0 .0, आठनेर में 2 .0 . तथा भीमपुर में 0 .0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# एटीएम लूटने की कोशिश नाकाम, अलार्म बजते ही भागा चोर

**मुलताई। नगर में रेल्वे स्टेशन रोड पर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र का एटीएम लूटने की कोशिश उस समय नाकाम हो गई, जब एकदम से अलार्म बजा और चोर को एटीएम छोड भागना पड़ा।**

**बैंक प्रबंधन ने थाने में दर्ज कराई शिकायत**

**सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की तलाश जारी**



प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 5 बजे बैंक की बैकएंड टीम को मोशन पीआईआर अलर्ट मिला। बैंक के एटीएम के लाइव कैमरे में एक युवक एटीएम से छेड़छाड़ करता नजर आ रहा है। इस घटना की बैंक प्रबंधन ने शुक्रवार को थाने में शिकायत की है। शाखा प्रबंधक के अनुसार अज्ञात युवक ने सबसे पहले एटीएम की कीपैड यूनिट निकाली, फिर मशीन का ऊपरी हिस्सा (हुड) खोलने की कोशिश की। इसके बाद उसने कैश चेस्ट का दरवाजा भी तोड़ दिया, लेकिन जैसे ही मशीन से अलार्म बजा, उक्त व्यक्ति वहां से भाग गया। घटना के बाद शाखा प्रबंधक ने मौके पर पहुंचकर देखा तो एटीएम का चेस्ट दरवाजा टूटा हुआ था। उन्होंने घटना की शिकायत मुलताई थाने में की है। थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि इस प्रकार की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी है। लेकिन नगर में स्थित अधिकांश बैंक प्रबंधन द्वारा एटीएम पर गार्ड्स नहीं रखे। पूर्व में भी पदस्थ थाना प्रभारियों द्वारा बैंक मैनेजरो को पत्र लिख कर गार्ड तैनात करने कहा था, लेकिन आज तक अधिकांश एटीएम पर गार्ड नहीं है। जिससे भविष्य में बड़ी वारदात हो सकती है।

# इंदौर से उड़ीसा जा रहा ट्रक पलटा, 2 घायल

**बैतूल।** शनिवार को दो अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे हुए। पहला हादसा इंदौर-नागपुर हाइवे (ह॥-47) पर देवगांव के पास हुआ। इंदौर से उड़ीसा जा रहे दिव्यांगों की सामग्री से भरे ट्रक के सामने अचानक गाय आ गई। उसे बचाने की कोशिश में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक राहुल तलाया को मामूली चोट आई है। जबकि हेल्पर महेश ठाकुर और रामदेव को गंभीर चोटें आईं। तीनों घायल देवास निवासी हैं। एनएचएआई की मदद से घायलों को जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया गया। देवगांव हादसे के बाद फोरलेन पर



कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में ट्रैफिक सामान्य कर दिया गया। दोनों घटनाओं की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। मौके पर एनएचएआई और पुलिस की टीम पहुंची थी। दूसरा हादसा बैतूल-भोपाल हाइवे पर सपना गांव के पास हुआ। एक ट्रक चालक की लापरवाही से सड़क किनारे लगा माइलस्टोन उखड़ गया। माइलस्टोन का टुकड़ा उड़कर सड़क किनारे खड़े बस कंडक्टर को जा लगा। उसे प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# डायरिया सह दस्तक अभियान का दिया प्रशिक्षण

**बैतूल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में सीबीएमओ डॉ राजेश अतुलकर के निर्देशन में आयोजित दस्तक अभियान प्रशिक्षण में डायरिया की रोकथाम को लेकर चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लॉक मैनेजमेंट टीम ने विशेष दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और मौसमी बिमारीयों की रोकथाम पर प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक से मिली जानकारी अनुसार 22 जुलाई से लेकर 16 सितम्बर तक दस्तक डायरिया सह दस्तक अभियान का प्रथम चरण शुरू होने जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड के 10,900 बच्चों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया जाएगा। अभियान के मैदानी स्तर के क्रियान्वयन को लेकर सेक्टर सुपरवाइजर सीएचओ, एएनएम और एमपीडब्ल्यू, आशा पर्यवेक्षिका, आशा कार्यकर्ता को अभियान पर प्रशिक्षण के माध्यम से उन्मुखीकरण किया गया। इस अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य दल द्वारा सत्र आयोजित किया जाएगा। सत्र के दौरान 0 से 5 वर्ष के बच्चों की बाल्य कालीन बीमारी निमोनिया गंभीर कुपोषण एवं दस्तक रोग संबंधी जांच कर उपचार एवं प्रबंधन दिया जाएगा। साथ ही विटामिन ए का अनुपूरण दिया जाएगा।

# सर्वमंगल कावड़ यात्रा का स्वागत, गेंहूबारसा पहुंची

**मुलताई।** मां ताप्ती उद्गम स्थली से कावड़ में मां ताप्ती जल भरकर शिवधाम सालबर्डी के लिए निकली कावड़ यात्रा शनिवार की सुबह ग्राम मासोद पहुंची। जहां पर सरपंच सरपंच संगीता धोटे ल,भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे, भाजपा नेता राजेश पाठक सहित ग्राम की महिलाओ, बच्चों एवं बुजुर्गों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। जिसके बाद कावड़ियों को दोपहर का भोजन कराया गया। भोजन के बाद यात्रा मां ताप्ती एवं हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए रवाना हुई। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बब्ला शुक्ला ने बताया सर्व मंगल कावड़ यात्रा 18



जुलाई को मुलताई से निकली जो 19 जुलाई को सुबह मासोद पहुंची अब यहां से पांच पांडव में वृक्षारोपण कर इटावा होते हुए गेहूंबारसा पहुंचेंगे जहां पर रात्रि विश्राम के बाद यात्रा 20 जुलाई को आगे के लिए रवाना होगी। पांच पांडव में किया पौधरोपण कावड़ यात्रा के पांच पांडव पहुंचने पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, गगन साहू सहित सभी कांवड़यिों द्वारा ग्रामीणों के साथ एक पौधा मां के नाम का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कांवड़ियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला

**बैतूल।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 19 जुलाई को किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जागरूक करना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारियां प्रदान करना था। कार्यशाला में कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के जोनल मैनेजर त्रंबकेश्वर तिवारी ने बताया कि खरीफ मौसम में अधिसूचित फसलों का बीमा प्रारंभ हो चुका है। कृषकों द्वारा दिए गए प्रीमियम राशि सोयाबीन फसल के लिए 840 रुपए, मक्का फसल के लिए 722 रुपए, धान सिंचित फसल के लिए 814 रुपए, धान असिंचित फसल के लिए 651 रुपए, अरहर फसल के लिए 735 रुपए प्रति हेक्टेयर देय है। फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करने के लिए इच्छुक अऋणी कृषक अपनी निकटतम बैंक शाखा सरकारी समिति अधिकृत चैनल एवं जन सेवा केंद्र एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर योजना से जुड़ सकते हैं।

# नशे से दूर रहकर लोगों को भी करें जागरूक

**बैतूल। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नशे से दूरी हैं जरूरी कार्यक्रम और शपथ ग्रहण संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में जिला संगठन डॉ सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में और थाना प्रभारी सरविंद धुर्वे, रणधीर सिंह राजपूत, रीना सरयाम की विशेष उपस्थिति आयोजित किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी सरविंद धुर्वे ने बताया कि कि नशा करना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता हैं साथ ही उन्होने छात्रों को कभी भी नशा ना करने की शपथ दिलाई।



डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष 3 से 4 लाख लोगों कि मृत्यु नशा करने से हो रही हैं। डॉ.पलवी दुबे ने स्वयंसेवकों से कहा की आप भी नशे से दूर रहें और आसपास के लोगों को भी इससे जागरूक करें। आभार प्रो.शंकर सातनकर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो.दीपिका साहू, डॉ.दीपक मानकर, डॉ.शिवदयाल साहू, डॉ.पलवी दुबे, डॉ.लोकेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी प्रो.शंकर सातनकर, कार्यक्रम अधिकारी प्रो.गीता मालवी सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद था।

# शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हुआ जिला स्तर के लिए चयन

**मुलताई।** नगर के वीआईपी स्कूल में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय शालेय बास्केट बाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। विकासखंड खेल अधिकारी महेश खत्री ने बताया खेल पचांग अनुसर समयावधि कम होने के कारण रोज किसी न किसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है7 प्रतियोगिता मे भारत विकास परिषद के जिला समन्वय राजीव जैन, दीपेश बोथरा, सुमित पंजाबी, मितेन्द्र खंडेलवाल ने भारत विकास परिषद के उद्देश्य को समझाया। वीआईपी स्कूल मे खेल शिक्षक अमित कुमार के नेतृत्व मे सांदीपनी स्कूल मुलताई, वीआईपी स्कूल,



कोरोला पब्लिक स्कूल,गुरुकुल पब्लिक स्कूल, शा. नवीन स्कूल मुलताई, सनराइज पब्लिक स्कूल, न्यू कॉर्मल स्कूल मुलताई के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक मे सीएम राइस स्कूल से नमन,आदित्य सनराइज स्कूल से हर्षित,कोरोला पब्लिक स्कूल से पुखराज, न्यू कॉर्मल स्कूल से देवांश सोनी कस चयन किया गया। वहीं 17 वर्ष बालक मे सांदीपनी स्कूल से वासु, मंथन, गुरुकुल पब्लिक स्कूल से दिव्याश, गौरव, शासकीय नवीन स्कूल से सागर,सनराइज पब्लिक स्कूल से ध्रुव, वीआई पी स्कूल से निसर्ग,दानिश, पोषित, भवनेश, कपिल का चयन हुआ। वहीं 17 वर्ष बालिका मे वीआईपी स्कूल से तनु, कम्या, मुस्कान, भारती, जानवी, छवि, ईशा का चयन किया गया। 19 वर्ष बालक मे कोरोला पब्लिक स्कूल से पुष्पराज, अंश, प्रिंस, दिव्यांशु, योगेश्वर, यश, मयूर, अभिनव, प्रतीक,गुरुकुल स्कूल से दुर्गेश, आदित्य, सानिध्य तथा 19 वर्ष बालिका मे वीआईपी स्कूल से यशस्वी, नंदिनी, ज्योत्स्ना का चयन जिला स्तरीय के लिए किया गया।

**विमोचन** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया रक्तक्रांति एल्बम का विमोचन, 5000 रक्तदाताओं की प्रेरक झलक

# तीन भाषाओं में बना गीत करेगा मप्र-महाराष्ट्र में रक्तदान के लिए जागरुक

**बैतूल। मां शारदा सहायता समिति द्वारा 5 हजार से ज्यादा रक्तदाताओं की प्रेरणादायक यात्रा और जनजातीय संस्कृति के जरिए देशभर को रक्तदान का संदेश देने के लिए ऐतिहासिक दस्तावेज के रूप में रक्तक्रांति एलबम तैयार किया है।**

इस रक्तक्रांति एलबम का विमोचन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के द्वारा किया गया। इस एलबम के माध्यम से हिंदी, गोंडी और मराठी तीनों भाषाओं में आम जन को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया है। संस्था के संजय शुक्ला, शैलेंद्र बिहारिया और महेंद्र मालवी ने जानकारी दी कि यह गीत रक्तदान की आवश्यकता को समझाने का



जीवंत प्रयास है। विमोचन समारोह में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, अतीत पवार और विकास मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंच पर समिति की अध्यक्ष पिंकी भाटिया, कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु सोनी और संरक्षक मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस वीडियो गीत को पूरे देश में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

**जनजातीय नृत्य की भी दिखी झलक :** इस एलबम में 5000 से अधिक रक्तदाताओं को एक समान वेशभूषा में दिखाया गया है, जो रक्तदान के लिए जनसमूह को प्रेरित करते नजर आते हैं। इस प्रस्तुति की विशेषता यह रही कि इसमें जनजातीय नृत्य की भी झलक दिखाई गई है, जो स्थानीय संस्कृति को जोड़ते हुए रक्तदान के संदेश को अधिक प्रभावी बनाता है। मौके पर पंजाबराव गायकवाड, चंचल पांसे, सचिन रॉय, राजेश मदान, अनंत तिवारी, कृष्ण चौधरी, जगदीश किरोदे, नितिन अग्रवाल, राजू मालवीय, सागर बिंझाड़े, दीप मालवी, निमिष मालवीय, आशीष यादव सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## रेड डोनेशन डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी किया निर्माण

रक्तक्रांति एलबम में बैतूल जिले की समस्त रक्तदान समितियों के साथ वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों को भी इस आंदोलन से जोड़ते हुए दिखाया गया है। गीत में रेड वेशभूषा का उपयोग एकता और संकल्प का प्रतीक बनकर उभरा है। समिति ने पहले भी रक्तक्रांति, जीवन रक्त और ब्लड डायरी - एक नई जिंदगी जैसी किताबें प्रकाशित कर रक्तदान के प्रति समाज को जागरूक किया है। इसके साथ ही समिति द्वारा रेड डोनेशन नामक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी निर्माण किया गया है, जिसमें थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की पीड़ा को उजागर कर रक्तदान की महत्ता को बताया गया है। तख्तियों और झांकियों के माध्यम से भी आम जनता को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सारनी। भारती महिला मंडल एवं जल निगम की संयुक्त पहल, जल जीवन मिशन के अंतर्गत मंडल द्वारा मध्यप्रदेश जल निगम एवं राज्य शासन के सहयोग से परियोजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।**

**गत माह की प्रगति की समीक्षा**

**संभावित बाधाओं पर विस्तार से की चर्चा**

बैठक का मुख्य उद्देश्य गत माह की प्रगति की समीक्षा करना तथा आगामी कार्ययोजना को सशक्त बनाना रहा। बैठक में परियोजना प्रबंधक लीलाधर गडेकर, संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नंदा सोनी सहित संस्था की पूरी टीम उपस्थित रही। इस दौरान गढ़ा, मेंढ़ा, वर्धा, घोघरी एवं अपर वेदा ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। गौरतलब है कि यह परियोजना बैतूल, खरगोन एवं खंडवा जिलों के 227 चयनित ग्रामों में जल आपूर्ति और स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संचालित की जा रही है। इसका क्रियान्वयन परियोजना क्रियान्वयन इकाई, छिंदवाड़ा द्वारा किया जा रहा है, जिसमें महिला मंडल, बैतूल सहायक संस्था के रूप में कार्य कर रही है। बैठक में जल समग्र 1.6 एप्लिकेशन के जरिए घर-घर सर्वेक्षण तथा अंशदान राशि संग्रहण की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। यह राशि ग्राम पंचायतों के सहयोग से संबंधित बैंक खातों में जमा कराई गई है, जिसका उपयोग स्थानीय जल एवं स्वच्छता आवश्यकताओं की पूर्ति में किया जाएगा। समीक्षा बैठक में ग्रामों से प्राप्त सफलता की कहानियों को साझा कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया। संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने टीम के कार्यों की सराहना करते हुए गति एवं गुणवत्ता में निरंतर सुधार का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने फील्ड स्तर की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। बैठक के अंत में परियोजना के आगामी चरणों एवं संभावित बाधाओं पर विस्तृत चर्चा कर उन्हें दूर करने की रूपरेखा तैयार की गई, जिससे जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को निर्धारित समय में प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके।